भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2389
उत्तर देने की तारीख-18/12/2023

एसएटीएचईई पोर्टल

†2389. श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंतः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सभी राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों से कहा है कि वे अभ्यर्थियों को नए आरंभ किए गए पोर्टल एसएटीएचईई का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इस प्लेटफार्म पर अब तक लगभग 5,000 छात्रों ने पंजीकरण कराया है और सरकार का लक्ष्य एक लाख छात्रों तक पहुंचना है;
(घ) क्या सरकार डिजिटल शिक्षण सामग्री के संबंध में पोर्टल पर सभी भाषाओं को उपलब्ध कराने पर विचार कर रही है क्योंकि वर्तमान में पोर्टल पर उपलब्ध डिजिटल शिक्षण सामग्री केवल पांच भाषाओं में है; और
(ङ) यदि, हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (ङ): उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय ने आईआईटी कानपुर के सहयोग से प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रतियोगी शिक्षा जैसे जेईई, एनईईटी और विभिन्न राज्य स्तरीय इंजीनियरिंग और अन्य परीक्षाओं में भाग लेने के इच्छुक छात्रों के लिए लिए साथी (सेल्फ असेसमेंट, टेस्ट एंड हेल्प फॉर एंट्रेंस एग्जाम) पोर्टल शुरू किया है। शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को इस सुविधा के बारे में शिक्षकों और छात्रों को सूचित करने के लिए लिखा है जिसका उपयोग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और ज्ञान वृद्धि के लिए किया जा सकता है।

जेईई और अन्य इंजीनियरिंग परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों की सहायता करने के लिए, 21 नवंबर 2023 को आईआईटी टॉपर्स, शिक्षाविदों और विषय विशेषज्ञों द्वारा जेईई का 45 दिवसीय क्रैश कोर्स शुरू किया गया है। यह क्रैश कोर्स अंग्रेजी सहित 5 भाषाओं में उपलब्ध है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने एआई आधारित अनुवाद उपकरण विकसित किया है। यह उपकरण 22 भारतीय भाषाओं को सपोर्ट करता है। इस उपकरण और इसकी उपयोगिता के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए संस्थानों/कॉलेजों में कई कार्यशालाओं/संगोष्ठियों का आयोजन किया गया है।

12 दिसंबर, 2023 तक, साथी प्लेटफॉर्म पर 60,000+ छात्र पंजीकृत हैं।

*****